श्री राहुल कुमार, माननीय स॰वि॰स॰ से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/77 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित "रबर डैम से संवरी सूरत तो बिगड़ गयी फल्गु की सेहत" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-	
क्या यह बात सही है कि गयाजी जिले में फल्गु नदी पर रबर डैम का निर्माण किया गया है ताकि फल्गु नदी में सालों भर पानी उपलब्ध रह सके परंतु उक्त डैम की निगरानी एवं साफ सफाई के अभाव में स्थिति बदतर हो गई है, जिससे पानी मानवीय उपयोग के लायक नहीं बना है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फल्गु नदी पर बने उक्त रबर डैम में संग्रहित जल का समुचित साफ सफाई एवं निगरानी रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि:- गया जी जिले के अन्तर्गत विष्णुपद मंदिर के समीप फल्गु नदी में सालो भर कम-से-कम दो फीट जल उपलब्धता के लिए गया जी डैम (रबर डैम) का निर्माण किया गया है। प्रत्येक वर्ष जून माह में नदी के ऊपरी सतह पर जमे गाद की सफाई कराई जाती है, ताकि मानसून के दरम्यान स्वच्छ जल भंडारित की जा सके। मानसून के पश्चात फल्गु नदी के सतही जल का प्रवाह नगण्य हो जाता है, फलतः मानसून के दरम्यान गया जी डैम में भंडारित जल ही मानसून अवधि के बाद भी श्रद्धालुओं के तर्पण, पिण्ड आदि के लिए उपयोग होता है, जिससे सालो भर श्रद्धालू विष्णुपद मंदिर के समीप तर्पण एवं पिण्ड कार्य करते है। गया जी डैम (रबर डैम) के अपस्ट्रीम में संग्रहित जल को दुर्गंधमुक्त रखने के लिए Floating Water Treatment System (FWTS) हेतु TOR (Term of Reference) तैयार किया जा रहा है। इस कार्यान्वयन से डैम में संग्रहित जल की समुचित साफ-सफाई हो पायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–06/2026 पटना/दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/77 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–06/2026 पटना/दिनांक :..................

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–06/2026 पटना/दिनांक :..................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–06/2026 1391 पटना/दिनांक :12/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव